प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.10.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. **राज्यपाल संतोष गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय में आयोजित 9वीं एनएजीआई अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का किया उद्‌घाटन, संसाधनों के संरक्षण और पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर।**
2. **रांची में 12 अक्टूबर को स्वदेशी जन जागरण मैराथन का होगा आयोजन, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बताया– मैराथन में तिरंगा लेकर दौड़ेंगे लगभग दस हजार लोग ।**
3. **सीपीएम माओवादियों के 15 अक्टूबर बंद को देखते हुए झारखंड पुलिस अलर्ट मोड पर, आईजी ऑपरेशन ने कहा– सुरक्षा के किए गए व्यापक इंतजाम, जनता से निडर रहने की अपील।**
4. **रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में रहा खुशनुमा मौसम और साफ आसमान, मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में मानसून की वापसी का जताया अनुमान।**

और

5. **जूडो जूनियर विश्व चैंपियनशिप में भारत को मिला पहला पदक, लिन्थोई चानमबम ने महिलाओं के 63 किलोग्राम वर्ग में जीता कांस्य पदक।**

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 9वीं **एनएजीआई NAGI** अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुए कहा कि संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग और संरक्षण मानवता के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वैश्वीकरण और औद्योगिकीकरण से जहां आर्थिक अवसर बढ़े हैं, वहीं प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। मौके पर राज्यपाल ने **'पंचामृत संकल्प' और 'मिशन लाइफ'** के माध्यम से पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने पर बल देते हुए सम्मेलन की सफलता की शुभकामनाएं दीं।

****

रांची में 12 अक्टूबर को स्वदेशी जन जागरण के तहत मैराथन का आयोजन किया जाएगा, जिसकी शुरुआत सुबह 6 बजे मोरहाबादी मैदान से होगी। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने आज एक प्रेस वार्ता में बताया कि लगभग दस हजार लोग इस मैराथन में शामिल होंगे, जिसमें छात्र, सामाजिक संगठन, एनसीसी और एनएसएस के सदस्य भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडवीया को आमंत्रित किया गया है तथा प्रतिभागी आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी के संदेश के साथ तिरंगा लेकर दौड़ेंगे।

****

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के बाद आज रांची में भाजपा प्रदेश कार्यालय में एनडीए घटक दलों की बैठक हुई, जिसमें भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि एनडीए एकजुट होकर जीत के संकल्प के साथ चुनाव लड़ेगा। वहीं आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि एनडीए वर्तमान

परिस्थितियों का आकलन कर रही है और चुनाव के दौरान जनता को राज्य की वास्तविक स्थिति से अवगत कराएगी।

****

सीपीएम माओवादियों द्वारा 15 अक्टूबर को आहूत एकदिवसीय बंद के मद्देनजर झारखंड पुलिस मुख्यालय पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। पुलिस प्रवक्ता और आईजी ऑपरेशन माइकल राज एस ने रांची में बताया कि बंद के दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं और आम जनता निडर रहे। पुलिस ने माओवादी नेताओं से अपील की है कि वे मुख्य धारा से जुड़ें और राज्य सरकार की सरेंडर पॉलिसी का लाभ उठाएं।

****

स्वास्थ्य विभाग के रीजनल डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एस.पी. मिश्र ने धनबाद में सदर अस्पताल, जिला संयुक्त औषधालय, वेयरहाउस और टीकाकरण केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल की सफाई, दवा भंडारण, मरीजों की सुविधाओं और टीकाकरण प्रक्रिया की समीक्षा की। डॉ. मिश्र ने कहा कि कई जगह व्यवस्थाएं संतोषजनक हैं, लेकिन कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है और उन्होंने कमियों को दूर करने के निर्देश दिए।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव 22 सितंबर से शुरू हुआ यह समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है।

****

रामगढ़ शहर को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए कई तरह के प्रयास किये जा रहे हैं।

****

संक्षिप्त खबरें–

- सरायकेला–खरसावां में उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण कर साफ–सफाई और विभागीय कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अनुपयोगी उपकरणों और लापरवाह कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल मैनेजर की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया और डॉक्टरों पर भी कार्य में कोताही बरतने पर कार्रवाई का आदेश दिया।
- साहिबगंज वन प्रमंडल ने 71वें वन्यजीव सप्ताह के अवसर पर डॉल्फ़िन प्रकृति परिचय केंद्र और उधवा पक्षी अभयारण्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर क्विज़ प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

****

आज रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों में साफ आसमान और खुशनुमा मौसम देखने को मिला। मौसम विभाग ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बना सिस्टम अब कमजोर हो चुका है और अगले 24 घंटे में समाप्त हो जाएगा, जिससे बारिश में कमी आएगी। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद के अनुसार अगले चार दिनों में हवा के रुख में बदलाव के साथ मानसून की वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी।

****

भारत की लिन्थोई चानमबम ने पेरू में जूडो जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में भारत को पहला पदक दिलाकर इतिहास रच दिया है। लिन्थोई ने महिलाओं के 63 किलोग्राम भार वर्ग में नीदरलैंडस की जोनी जिलियन को हराकर कांस्य पदक जीता।

********समाप्त*********